न्यायालय–सत्र न्यायाधीश, भदोही।

फौजदारी प्रकीर्ण (अन्तरण) 44 सन् 2026

CNRNO.UPSN01–000672–2026

विमल मिश्र .... बनाम....... श्यामशंकर आदि ।

28.03.2026

प्रार्थी की ओर से अंतरण प्रार्थनापत्र 4 क, मय शपथपत्र 5 ख प्रस्तुत करके कथन किया गया कि प्रार्थी व अभियुक्तगण के मध्य क्रास केस चल रहा है, जिनका नाम, पता पत्रावली ट्रांसफर प्रार्थनापत्र में अंकित किया गया है। पक्षगण एक गांव के सगे पट्टीदार हैं और आपस में प्रेमपूर्वक रह रहे हैं और अब किसी प्रकार का विवाद नहीं है और आपस में सुलह हो रहे हैं। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय/विशेष न्यायालय (एस०,सी०/एस० टी०), भदोही के यहां बमुकदमा नंबर 132/2025 अ० सं० 32/2022 धारा–147, 323, 504, 506, 452 व 325 भा० दं० सं० सरकार बनाम विमल मिश्रा विचाराधीन है। एक किता क्रास केस न्यायालय अपर सत्र जज /विशेष न्यायालय पॉक्सो (प्रथम), भदोही के यहां बमुकदमा 150/2023 मु० अ० सं० 31/2022 धारा– 323, 504, 506, 354B, 308 भा० दं० सं० सरकार बनाम श्यामशंकर विचाराधीन है। दोनों मुकदमों को एक साथ सुनवाई के लिए एक न्यायालय में अन्तरित किये जाने की याचना की गयी।

विपक्षीगण की ओर से कोई आपत्ति नहीं की गयी है।

मैंने आधार अन्तरण व सम्बन्धित न्यायालयों की आख्या क्रमशः कागज सं० 7 ख व 8 ख का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि प्रार्थी द्वारा अपने अन्तरण प्रार्थना पत्र में मुख्य रूप से यह कथन किया गया है कि प्रार्थी व अभियुक्तगण के मध्य क्रास केस चल रहे हैं, जो भिन्न–भिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं। पक्षगण एक गांव के सगे पट्टीदार हैं और आपस में प्रेमपूर्वक रह रहे हैं और अब किसी प्रकार का विवाद नहीं है और आपस में सुलह हो रहे हैं।

अतः मामले के सम्पूर्ण तथ्य एवं परिस्थितियों में अन्तरण प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने का आधार न्यायोचित प्रतीत होता है। तदनुसार मुकदमा नंबर 132/2025 सरकार बनाम विमल मिश्रा की पत्रावली न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (एस०,सी०/एस० टी० एक्ट), भदोही के न्यायालय से विधिनुरूप सुनवाई एवं निस्तारण हेतु न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय पॉक्सो (प्रथम), भदोही में अंतरित की जाती है। तद्नुसार, उक्त फौजदारी प्रकीर्ण निस्तारित किया जाता है।

संबंधित न्यायालय उपरोक्तानुसार सूचित हों।

(अखिलेश दूबे)
सत्र न्यायाधीश
भदोही।
JO.CodeNo.- UP 5725

दिनांक–28.03.2026

Digitally signed by AKHILESH DUBEY
Date: 2026.03.28 16:53:02 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court